तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि

रायपुर, गुरुवार 25 जून 2026

10 मेधावी छात्र सम्मान समारोह आयोजित



12 आपातकाल भारतीय लोकतंत्र का सबसे …





हरिभूमि
सुनहरा मौका
सुनिश्चित उपहार 2026
सामान्य कूपन
25 जून 2026
कूपन नं.
5

2011 से संचालित
शंकराचार्य
स्वामी स्वरूपानंद कॉलेज ऑफ नर्सिंग, जुनवानी, भिलाई
B.c. NURSING
&
M.Sc. NURSING
प्रवेश के लिए संपर्क करें
मो.: 83193 47482
81030 45003
Website : ssscn.ac.in

# रूदा में स्थापित हुआ फीकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट, ग्रामीण स्वच्छता प्रबंधन को मिली नई मजबूती

## स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के तहत गुंडरदेही ब्लाक में उल्लेखनीय काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रें में सुरक्षित स्वच्छता व्यवस्था एवं पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से गुंडरदेही विकासखंड के ग्राम रूदा में 03 केएलडी का फिकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट स्थापित किया गया है। इस प्लांट के माध्यम से विकासखंड के सभी ग्राम पंचायतों में सेप्टिक टैंकों की नियमित डी–स्लजिंग की व्यवस्था संचालित की जा रही है। जिला पंचायत की अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने बताया कि इस व्यवस्था के तहत विशेष डी–स्लजिंग वाहनों के माध्यम से घरों, संस्थानों एवं सार्वजनिक परिसरों में स्थापित सेप्टिक टैंकों से फीकल स्लज (मल–मूत्र अपशिष्ट) का सुरक्षित संग्रहण कर उसे फीकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट तक पहुंचाया जा रहा है, जहां उसका वैज्ञानिक एवं पर्यावरण अनुकूल तरीके से उपचार किया जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्रें में बड़ी संख्या में परिवार सेप्टिक टैंकों का उपयोग करते हैं। समय–समय पर इन टैंकों की सफाई नहीं होने से ओवरफ्लो, दुर्गंध, भूजल प्रदूषण तथा विभिन्न संक्रामक बीमारियों के फैलने का खतरा बना रहता है। इन समस्याओं के समाधान हेतु प्रशासन द्वारा नियोजित डी–स्लजिंग व्यवस्था लागू की गई है, जिसके अंतर्गत प्रशिक्षित कर्मियों द्वारा आधुनिक सक्शन मशीनयुक्त ▶▶| शेष पेज 10 पर

■ भूजल एवं जल स्रोतों को प्रदूषण से बचाने की पहल




### स्वच्छ ग्रामीण जीवनशैली को बढ़ावा मिल सके

जिला प्रशासन द्वारा समय–समय पर ग्राम पंचायतों, स्वच्छता दीदियों, स्वयं सहायता समूहों एवं ग्रामीण नागरिकों को सुरक्षित स्वच्छता प्रबंधन के संबंध में जागरूक किया जा रहा है। नागरिकों से अपील की गई है कि वे अपने सेप्टिक टैंकों की नियमित अंतराल पर सफाई कराएं तथा अधिकृत डी–स्लजिंग सेवा का ही उपयोग करें, ताकि अपशिष्ट का वैज्ञानिक एवं सुरक्षित निपटान सुनिश्चित किया जा सके। यह पहल स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण, सुरक्षित स्वच्छता श्रृंखला तथा सतत विकास लक्ष्यों की प्राप्ति की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। प्रशासन का लक्ष्य है कि ब्लॉक के सभी ग्रामों में स्वच्छता प्रबंधन की ऐसी व्यवस्था विकसित की जाए, जिससे पर्यावरण संरक्षण, जनस्वास्थ्य संवर्धन एवं स्वच्छ ग्रामीण जीवनशैली को बढ़ावा मिल सके।

## खबर संक्षेप

### जिले की 436 ग्राम पंचायतों को मिले 3.38 करोड़ रुपए मूलभूत कार्यों में आएगी तेजी

**बालोद।** पंचायत संचालनालय छत्तीसगढ़ शासन द्वारा ग्राम पंचायतों को मूलभूत कायोंर् हेतु राशि जारी किया गया है। इसके अंतर्गत बालोद जिले के सभी 436 ग्राम पंचायतों को मूलभूत कायोंर् के लिए कुल 338.19 लाख रूपये प्राप्त हुआ है। प्राप्त राशि का वितरण जनसंख्या के मापदंड के आधार पर ग्राम पंचायतों को उनके मूलभूत कायोंर् के लिए किया जा रहा है। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील चन्द्रवंशी ने बताया कि जारी राशि में बालोद विकासखण्ड के 60 ग्राम पंचायतों में मूलभूत कार्य हेतु 41.74 लाख रूपये, डौण्डी विकासखण्ड के 62 ग्राम पंचायतों के लिए 40.49 लाख रूपये, डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के 120 ग्राम पंचायतों के लिए 78.51 लाख रूपये, गुण्डरदेही विकासखण्ड के 117 ग्राम पंचायतों के लिए 78.48 लाख रूपये, गुरूर विकासखण्ड के 77 ग्राम पंचायतों के लिए 55.31 लाख रूपये तथा अनुसूचित क्षेत्र विकासखण्ड डौण्डी के 62 ग्राम पंचायतों के लिए पृथक से 43.64 लाख रूपये खातें में हस्तांतरित किया गया है।

### भीम का मैंगो आइस कैंडी अमानक, लगाया प्रतिबंध

**दुर्ग।** मार्केट में बिकने वाले कई लोकल खाद्य उत्पाद सेहत के लिए काफी खतरनाक साबित हो रहे हैं। ऐसा ही एक मामला भीम का मैंगो आईस कैंडी का सामने आया है। यह उत्पाद अमानक पाया गया है, जिसके बाद इसकी खरीदी और बिक्री को तत्काल प्रभाव से प्रतिबंधित कर दिया गया है। कार्रवाई नियंत्रक खाद्य एवं औषधि प्रशासन रायपुर के निर्देश पर की गई है। खाद्य एवं औषधि प्रशासन से प्राप्त जानकारी के अनुसार उक्त उत्पाद का नमूना मानकता जांच के लिए राज्य खाद्य प्रयोगशाला रायपुर भेजा गया था।

**मांग : सांकरी-कमरौद और तिलखैरी-देवरी मार्ग के पुल प्रमुख मांगों में शामिल**

# जिले के पुल-पुलिया निर्माण कार्यों को स्वीकृति की मांग, उपमुख्यमंत्री अरुण साव से मिले भाजपा नेता

## 51.32 करोड़ रुपये से अधिक लागत के निर्माण कार्य प्रस्तावित







हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

बजट में शामिल पुल–पुलियों के निर्माण को शीघ्र स्वीकृति देने की मांग करते हुए उपमुख्यमंत्री अरुण साव से भाजपा प्रदेश महामंत्री यशवंत जैन एवं भाजपा जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख मिले।

भाजपा प्रदेश महामंत्री यशवंत जैन एवं भाजपा जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख ने उपमुख्यमंत्री एवं लोक निर्माण मंत्री अरुण साव से मुलाकात कर बालोद जिले में वर्ष 2025–26 एवं 2026–27 के बजट में शामिल महत्वपूर्ण पुल–पुलिया निर्माण कायोंर् को शीघ्र प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान करने की मांग की।

सौंपे गए मांगपत्र में जिला बालोद के गुण्डरदेही विधानसभा अंतर्गत सांकरी–कमरौद मार्ग पर तांदुला नदी में 2442.68 लाख, तिलखैरी–देवरी मार्ग पर तांदुला नदी में 1513.06 लाख तथा डौण्डीलोहारा विधानसभा अंतर्गत पिपरखार–मरईटोला मार्ग पर खरखरा नाला में 540.26 लाख, कुसुमकसा–रेलवे स्टेशन मार्ग में 424.92 लाख एवं चिपरा से किल्लेकोड़ा मार्ग के जूझारा नाला में 211.94 लाख कुल 5132.86 लाख की लागत से बनने वाले पुल–पुलिया निर्माण कायोंर् के लिए मांग पत्र दिया। प्रदेश भाजपा महामंत्री यशवंत जैन ने कहा कि इन पुल–पुलियों के निर्माण से बरसात के दिनों में आवागमन की समस्या दूर होगी। किसानों को अपनी उपज बाजार तक पहुंचाने में सुविधा मिलेगी, विद्यार्थियों को स्कूल–कॉलेज आने–जाने में परेशानी नहीं होगी तथा मरीजों को समय पर स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकेंगी। साथ ही ग्रामीण क्षेत्रें का संपर्क मुख्य मार्गों से मजबूत होगा और क्षेत्र के विकास को नई गति मिलेगी।

जिला भाजपा अध्यक्ष चेमन देशमुख ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार ग्रामीण अधोसंरचना को मजबूत करने के लिए लगातार कार्य कर रही है। बजट में शामिल ये पुल–पुलिया क्षेत्र की वषोंर् पुरानी मांग हैं, जिनके पूर्ण होने से हजारों लोगों को सीधा लाभ मिलेगा। उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने जनहित से जुड़े इन कार्यों पर सकारात्मक पहल का आश्वासन देते हुए आवश्यक कार्रवाई करने की बात कही।

# लोक अदालत की तैयारी को लेकर जिला न्यायालय में बैठक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय बिलासपुर के द्वारा नालसा के निर्देशानुसार 18 जुलाई को धारा 138 परक्राम्य लिखत अधिनियम के अंतर्गत लंबित प्रकरणों के निराकरण हेतु स्पेशल लोक अदालत के तैयारी के संबंध में प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्याम लाल नवरत्न के द्वारा 24 जून को अधिवक्ता संघ कार्यालय में अधिवक्ताओं के साथ बैठक आयोजित किया गया।

■ प्रकरणों का राजीनामा के माध्यम से निराकरण

उक्त बैठक में प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष द्वारा स्पेशल लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों का आपसी राजीनामा के माध्यम से निराकरण किए जाने हेतु दिशा–निर्देश दिये गए।

इस अवसर पर अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश एफटीसी ताजुद्दीन आसिफ, मुख्य न्यायिक मजिस्टेट संजय कुमार सोनी, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भारती कुलदीप, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी हीरा सिन्हा, न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वितीय श्रेणी भूमिका धुरव, अध्यक्ष अधिवक्ता संघ सुनील कुमार सोनी तथा जिला न्यायालय बालोद के समस्त अधिवक्तागण उपस्थित थे।

# जिपं के नवनिर्वाचित सदस्यों को पविकास योजना एवं उन्नति सूचकांक का प्रशिक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान योजनांतर्गत 18 से 19 जून तक जिला पंचायत संसाधन केन्द्र बालोद में जिला पंचायत के नवनिर्वाचित सदस्यों का 'पंचायत विकास योजना सह पंचायत उन्नति सूचकांक' विषय पर प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण में जिला पंचायत के सभी नवनिर्वाचित सदस्य उपस्थित हुए। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील कुमार चंद्रवंशी के निर्देशानुसार विषय विशेषज्ञों द्वारा प्रतिभागियों को 16वें वित्त आयोग की नवीन गाइडलाइन के अनुसार पंचायत विकास योजना, पचांयत विकास सूचकांक सहित शासन की महत्वाकांक्षी योजना ठोस अपशिष्ट नियम 2026, वीबी जी राम जी के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। उक्त प्रशिक्षण का संचालन उपसंचालक पंचायत काव्या जैन की उपस्थिति में किया गया।

■ राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के तहत हुआ प्रशिक्षण

# हल्दी में सीमेंटीकरण कार्य का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

जनपद क्षेत्र क्रमांक 21 के जनपद सदस्य व सभापति अश्वनी कुमार कटहरे ने क्षेत्र मे विकास को गति प्रदान करते हुए अपने जनपद विकास निधि की राशि से ग्राम पंचायत हल्दी के कृष्णा चौक गली मे बनने वाले सीमेंटीकरण कार्य का बुधवार को भूमिपूजन किया।

कटहरे ने कहा कि जनता से किए गए वादे धीरे धीरे पुरे किए जा रहे हैं। गांव और क्षेत्र की विकास करना ही पहली प्राथमिकता है। ये रहे उपथित इस अवसर पर सरपंच धनेश्वर ठाकुर, उपसरपंच कन्हैया साहू, वार्ड पंच कांति साहू, ग्रामीण अध्यक्ष जीवन लाल साहू, पूर्व ग्रामीण अध्यक्ष भुवनेश्वर साहू, कुमेश सेन, ईश्वर सिन्हा, परसु सिन्हा, धन्नू साहू, नागेंद्र सेन, यशवंत डडसेना, गौकरण बघेल, दिनेश गंजीर, जागेश्वर साहू, लुकेश सिन्हा, सेवक दास सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित थे। विकास कार्य के ग्रामीणों ने जनपद सदस्य का आभार व्यक्त किया।

■ विकास ही पहली प्राथमिकता : अश्वनी



# जंगल में चल रहे जुआ फड़ पर पुलिस का छापा सात जुआरी गिरफ्तार, 56 हजार रुपए जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौण्डीलोहारा

अवैध जुआ, सट्टा एवं अन्य आपराधिक गतिविधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस चौकी संजारी एवं साइबर सेल बालोद की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 7 जुआरियों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 56 हजार रुपये नगद, 52 पत्ती ताश सहित अन्य सामग्री जब्त की गई है।

पुलिस अधीक्षक योगेश पटेल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मोनिका ठाकुर तथा उप पुलिस अधीक्षक बोनी फॉस एक्का के मार्गदर्शन में चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत 23 जून 2026 को पुलिस चौकी संजारी एवं साइबर सेल बालोद की टीम क्षेत्र में पेट्रोलिंग एवं जुर्म-जरायम की तलाश में निकली थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम दुर्गीटोला के जंगल में कुछ लोग रुपये-पैसे का दांव लगाकर 52 पत्ती ताश से जुआ खेल रहे हैं।

सूचना की तस्दीक के बाद पुलिस टीम ने मौके पर घेराबंदी कर दबिश दी और सात व्यक्तियों को जुआ खेलते हुए रंगे हाथों पकड़ा। पकड़े गए आरोपियों में राजा श्रीवास (44 वर्ष), निवासी अटल आवास राजनांदगांव, अजय कुमार कल्लो (29 वर्ष), निवासी पांडापानी थाना छुरिया, रोहित कुमार मारकण्डे (42 वर्ष), निवासी रूदा थाना गुण्डरदेही, लम्बोदर सोनी (59 वर्ष), निवासी गैंदाटोला, धनंजय गोस्वामी (35 वर्ष), निवासी वार्ड क्रमांक 18 डोंगरगांव, दीपक सिंह (35 वर्ष), निवासी दर्रा थाना डोंगरगांव तथा जितेन्द्र सेन (42 वर्ष), निवासी डोंगरगांव शामिल हैं।

■ ताश की गड्डी सहित अन्य सामग्री जब्त

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से एवं जुआ फड़ से 56 हजार रुपये नगद, 52 पत्ती ताश, एक मोमबत्ती, एक चादर तथा एक प्लास्टिक झिल्ली जब्त की। इस मामले में पुलिस चौकी संजारी थाना डौण्डीलोहारा द्वारा अपराध क्रमांक 109/2026 के तहत छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा 3(2) के अंतर्गत मामला दर्ज कर विवेचना की जा रही है।

कार्रवाई में थाना प्रभारी डौण्डीलोहारा निरीक्षक सुनील तिर्की, चौकी प्रभारी संजारी उपनिरीक्षक अरविंद साहू, प्रधान आरक्षक मनोज कुमार साहू, आरक्षक वरुण ठाकुर सहित साइबर सेल बालोद के प्रभारी धरम भुआर्य एवं अन्य पुलिसकर्मियों का विशेष योगदान रहा।

**प्राथमिक चिकित्सा एवं आपदा प्रबंधन का मिला विशेष प्रशिक्षण**

# राज्य स्तरीय स्काउट-गाइड प्रशिक्षण शिविर में बालोद जिले का प्रतिनिधित्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स राज्य कार्यालय द्वारा राज्य प्रशिक्षण केन्द्र झांकी अभनपुर जिला रायपुर में 18 जून से 22 जून तक राज्य स्तरीय स्पेशल कोर्स प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में प्राथमिक चिकित्सा, योग ट्रेनर, बैज एक्जामिनर एवं इंस्ट्रक्टर, ट्रेनिंग काउंसलर विषयों पर विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया गया। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला बालोद के जिला मुख्य आयुक्त राकेश यादव के निर्देशन में संपन्न हुआ।

इस प्रशिक्षण शिविर में बालोद जिले से नेमसिंह साहू, डीओसी स्काउट, व्याख्याता सेजेस बालोद ने जिले से प्राथमिक चिकित्सा पाठ्यक्रम कोर्स में प्रशिक्षण प्राप्त कर जिले का प्रतिनिधित्व किया। प्राथमिकराज्य एवं अन्य प्रदेश से आए कुल 40 प्रतिभागियों को पांच दिवस तक प्राथमिक चिकित्सा विषय के विभिन्न बिंदुओं जैसे प्राथमिक सहायता, फर्स्ट एड बॉक्स, प्राथमिक सहायक के गुण, जलने, फफोले, कटने, घाव का उपचार, मोच, डंक लगने, काटने,नकसीर का उपचार, शरीर के अलग अलग अंगों पर हड्डी टूटने या मोच, अथवा चोट लगने पर विभिन्न पट्टियों को बांधना, रक्त दान, रक्त समूह, टेंट पिचिंग, गैजेट्स निर्माण, ब्रिज निर्माण, पट्टी बंधन, ड्रेसिंग, बीपी. सिक्स, स्काउटिंग फंडामेंटल्स, पायनियरिंग प्रोजेक्ट जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर व्यावहारिक और लाइव सत्र आयोजित किए गए। इन गतिविधियों के माध्यम से प्रतिभागियों को नेतृत्व क्षमता, आपदा प्रबंधन और सामुदायिक सेवा से जुड़े आवश्यक कौशल सिखाए गए। शिविर में प्राप्त विशेष प्रशिक्षण को स्काउट गाइड बच्चों को प्रदान कर उन्हें इस विषय में पारंगत कर राज्य पुरस्कार एवं राष्ट्रपति पुरस्कार के लिए तैयार करेंगे। साथ ही विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, सेवा भावना, अनुशासन, एवं कौशलों का विकास करने में भी यह प्रशिक्षण उपयोगी सिद्ध होगा। विभिन्न पेट्रोल्स द्वारा छत्तीसगढ़ी, झारखंडी, हरियाणवी और राजस्थानी, पंजाबी, संबलपुरी लोक संस्कृति पर आधारित रंगारंग प्रस्तुतियां दी गईं।



प्रशिक्षण शिविर के समापन के साथ प्रतिभागियों ने स्काउटिंग गतिविधियों को और अधिक प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। समापन अवसर पर सफल सभी प्रतिभागियों को प्रमाण–पत्र प्रदान किए गए।

अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई
ITI DAGANIA
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T.
New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• C.O.P.A. (Computer) 1 Year (10th Pass)
अग्रसेन एजुकेशन केम्पस, ग्राम -डगनिया, दुर्ग-बालोद मेन रोड, तह. गुण्डरदेही, जिला-बालोद (छ.ग.)
89595-93937 • 89595-44444

## खबर संक्षेप

### हुडको में स्कूटी और न्यायालय के बाहर से बाइक चोरी

**भिलाई।** वाई शेप ब्रिज के नीचे नर्सरी के पास हुडको में खड़ी स्कूटी और जिला न्यायालय के सामने खड़ी बाइक को किसी ने पार कर दिया है। प्रार्थियों की शिकायत पर भिलाईनगर और कोतवाली थाना पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार बीएड की छात्रा अर्चना यादव ने पुलिस को बताई कि वे कॉलेज जाने के लिए घर से निकली थी कि वाई शेप ब्रीज के नीचे नर्सरी के पास गाड़ी अचानक बंद हो गई। चालू नहीं होने पर सुबह करीब 8.30 बजे वाई शेप ब्रीज के नीचे नर्सरी के पास खड़ी कर कॉलेज चली गई थी। कॉलेज से दोपहर लगभग 10 बजे वापस आकर देखी तो जिस स्थान पर अपनी गाड़ी खड़ी की थी वहां पर नहीं थी। वहीं दूसरे मामले में भिलाईतीन निवासी प्रार्थी नीरज वैष्णव उम्र 29 साल ने कोतवाली पुलिस को बताया कि वे अपने चाचा आर रामा राव की बाइक क्रमांक सीजी 07 एटी 9356 से जिला न्यायालय दुर्ग में पेशी के लिए गया था। दोपहर करीब 120 बजे बाइक को न्यायालय दुर्ग के बाहर लॉक कर अंदर चला गया। शाम करीब 5.30 बजे वापस आकर देखा तो बाइक को किसी ने चोरी कर लिया था।

### हथियार लहराकर दहशत फैलाने वाले युवकों को किया गिरफ्तार

**भिलाई।** थाना मोहन नगर पुलिस ने धमधा नाका मंडी क्षेत्र में धारदार हथियार लहराकर आम लोगों में भय और असुरक्षा का माहौल बनाने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से दो बटनदार स्टील के धारदार हथियार जब्त किए हैं। दोनों के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान शैलेन्द्र पाण्डेय उर्फ चिन्टू (26 वर्ष), निवासी तितुरडीह, दुर्ग तथा सोहेल खान उर्फ बाबू (23 वर्ष), निवासी केजीएन चौक, केलाबाड़ी दुर्ग के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार 22 जून को पेट्रोलिंग के दौरान सूचना मिली कि धमधा नाका मंडी के पास दो युवक धारदार हथियार लहराकर राहगीरों को डरा-धमका रहे हैं।

## पेज 9 का शेष

### रूदा में स्थापित ...

वाहनों से सेप्टिक टैंकों की सुरक्षित सफाई की जा रही है। संग्रहित फीकल स्लज को किसी भी स्थिति में खुले स्थान, खेत, नालों, जलाशयों अथवा नदी–नालों में नहीं डाला जाता, बल्कि सीधे फीकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट में पहुंचाया जाता है। प्लांट में निर्धारित तकनीकी मानकों एवं पर्यावरणीय दिशा निर्देशों के अनुरूप अपशिष्ट का उपचार किया जाता है। उपचार की प्रक्रिया के दौरान अपशिष्ट में उपस्थित हानिकारक जीवाणुओं एवं प्रदूषक तत्वों को नियंत्रित कर पर्यावरणीय प्रभाव को न्यूनतम किया जाता है। फीकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट की स्थापना से ग्रामीण क्षेत्रें में स्वच्छता प्रबंधन की व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ हुई है। इससे भूजल स्त्रेतों, हैंडपंपों, कुओं तथा अन्य जल स्त्रेतों को प्रदूषण से बचाने में सहायता मिल रही है। साथ ही ग्रामीणों को स्वच्छ एवं सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने में भी यह व्यवस्था महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

**आयोजन : जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित हुई एक दिवसीय कार्यशाला**

# प्रधानमंत्री आवास योजना एवं आवास प्लस 2.0 पर सरपंच-सचिवों को दिया गया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

- 436 ग्राम पंचायतों के सरपंच एवं सचिव हुए शामिल




प्रधानमंत्री आवास योजना–ग्रामीण के अंतर्गत 'आवास प्लस 2.0' की स्थाई प्रतीक्षा सूची के संबंध में जिला पंचायत के सभाकक्ष में 23 जून को एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया।

जिला पंचायत के अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने बताया कि इस कार्यशाला में जिले के समस्त 436 ग्राम पंचायतों के सरपंचों एवं सचिवों को आमंत्रित किया गया था। कार्यशाला में प्रधानमंत्री आवास–ग्रामीण, आवास प्लस 2.0, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम–2026, 16वें वित्त आयोग, विकसित भारत ग्रामीण रोजगार एवं आजीविका मिशन–ग्रामीण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत जानकारी दी गई। यह कार्यशाला कुल 03 पालियों में आयोजित की गई, जिसमें प्रत्येक पाली में जनपद पंचायतवार पृथक–पृथक ग्राम पंचायत सचिव सम्मिलित हुए। कार्यशाला में ग्राम पंचायत सरपंचों और सचिवों को अवगत कराया गया कि प्रधानमंत्री आवास–ग्रामीण योजना के तहत जिले के सभी गांवों में 24 जून से आयोजित होने वाली ग्राम सभाओं में 'आवास प्लस 2.0' सर्वेक्षण से प्राप्त सिस्टम–जनरेटेड प्रतीक्षा सूची का सार्वजनिक वाचन किया जाना है। साथ ही, शासन द्वारा निर्धारित 12 मापदंडों के आधार पर इसका अवलोकन व सत्यापन कार्य किया जाएगा और योजना की मार्गदर्शिका के निर्देशानुसार स्थाई प्रतीक्षा सूची तैयार की जाएगी। इसके साथ ही, स्वच्छ भारत मिशन–ग्रामीण के अंतर्गत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम–2026 के विषय में विस्तृत जानकारी प्रदान करते हुए इन नियमों को शत–प्रतिशत लागू करने के निर्देश दिए गए। इसी तरह 16वें वित्त आयोग के अंतर्गत प्राप्त दिशा–निर्देशों, कार्यप्रणाली तथा वित्तीय आवंटन के नए प्रावधानों से भी अवगत कराया गया। साथ ही समर्थ पोर्टल की उपयोगिता एवं 16वें वित्त आयोग के कार्य निष्पादन अनुदान में इसके महत्व को विस्तार से समझाया गया। कार्यशाला में 'विकसित भारत ग्रामीण रोजगार एवं आजीविका मिशन–ग्रामीण' योजनाओं के तहत निर्मित नए कानूनों के विषय में जानकारी प्रदान की गई।

इसमें जनप्रतिनिधियों को अवगत कराया गया कि योजना के नवीन प्रावधानों के तहत प्रत्येक ग्रामीण परिवार को अब 125 दिनों के अकुशल शारीरिक श्रम की गारंटी प्रदान की जाएगी। इस नए कानून में मुख्य रूप से 04 क्षेत्रें–जल सुरक्षा, ग्रामीण बुनियादी ढांचा, आजीविका बुनियादी ढांचा और जलवायु परिवर्तन से निपटने की क्षमता से संबंधित कार्योंर् को प्राथमिकता दी गई है। प्रशिक्षण के दौरान जनप्रतिनिधियों द्वारा पूछे गए विभिन्न सवालों के जवाब देकर योजनाओं के सुचारू एवं सफल क्रियान्वयन हेतु आवश्यक मार्गदर्शन दिया गया।

## सनराइज पब्लिक स्कूल में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया



**अंडा।** सनराइज पब्लिक स्कूल, ग्राम अंडा, मिलपरा में 12वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस अत्यंत उत्साह और अनुशासन के साथ मनाया गया। इस अवसर पर स्कूल के नन्हे-मुन्ने बच्चों से लेकर शिक्षकों और स्टाफ सदस्यों ने पूरी ऊर्जा के साथ योग और प्राणायाम का अभ्यास किया।

कार्यक्रम की शुरुआत प्रार्थना और योग के महत्व पर संक्षिप्त चर्चा के साथ हुई। स्कूल के प्रिंसिपल जितेंद्र साहू ने उपस्थित सभी को संबोधित करते हुए कहा कि, योग केवल 1 दिन के लिए ही न करें, अपितु नियमित कुछ समय व्यायाम करने से स्वास्थ्य तन व स्वास्थ्य मन के लिए जरूरी हैं, योग शारीरिक व्यायाम नहीं है, बल्कि यह मन, शरीर और आत्मा को जोड़ने का एक प्राचीन माध्यम है। यदि हम इसे अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाएं, तो हम एक स्वस्थ और तनावमुक्त जीवन जी सकते हैं। इस दौरान स्टूडेंट्स ,बच्चों, व शिक्षकों ने तड़ासन, वृक्षासन, भुजंगासन और सूर्य नमस्कार, भ्रमरी प्रणायम, हास्यासन, ज्ञानमुद्रा जैसे महत्वपूर्ण योगासनों का अभ्यास किया। छोटे बच्चों का उत्साह देखते ही बनता था, जिन्होंने बड़ी तन्मयता के साथ योग क्रियाएं सीखीं।

कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को योग को प्रतिदिन अपनाने का संकल्प दिलाया गया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य बच्चों में शारीरिक स्वास्थ्य, मानसिक एकाग्रता और अनुशासित जीवनशैली के प्रति जागरूकता पैदा करना था। सनराइज पब्लिक स्कूल हमेशा से ही शिक्षा के साथ-साथ बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए ऐसे कार्यक्रमों को प्राथमिकता देता रहा है।

## सिकोसा स्कूल में मनाया प्रवेश उत्सव



हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

- नवप्रवेशी बच्चों का हुआ स्वागत

नए शिक्षा सत्र के शुभारंभ के अवसर पर शासकीय प्राथमिक शाला सिकोसा में प्रवेश उत्सव आयोजित किया गया।

इस कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम पंचायत सिकोसा के उपसरपंच संजय बारले तथा मुख्य अतिथि दुर्गा शंकर बंजारे थे अन्य अतिथियों में शाला प्रबंधन समिति के सदस्य उमा चौरे, डोमेश्वरी साहू, जानकी कन्नौजे, गंगा साहू तथा अन्नू राय की उपस्थिति रही।शासकीय प्राथमिक शाला सिकोसा की प्रभारी भुमिका देवांगन, वरिष्ठ शिक्षिका गीता चंद्राकर, मनीषा पटेल तथा नोमिस साहू उपस्थित थे। कार्यक्रम के प्रारंभ में सरस्वती माता की पूजा अर्चना की गई साथ ही कक्षा पहली के नव प्रवेशी छात्र–छात्रओं को पाठ्य पुस्तक व गणवेश अतिथियों द्वारा प्रदान किया गया तथा चॉकलेट खिलाकर सभी बच्चों का मुंह मीठा किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संजय बारले ने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला उन्होंने कहा कि शिक्षा शेरनी का वह दूध है जो इसे पीयेगा वही दहाड़ेगा। आगे उन्होंने अपने वक्तव्य में कहा कि राज्य शासन के निर्देशानुसार शिक्षा के गुणवत्ता को सुधारने और सत–प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करने के लिए यह प्रवेश उत्सव एक सराहनीय पहल है, इसके साथ ही प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी शासकीय प्राथमिक शाला में शाला प्रबंधन समिति का गठन किया गया संचालनकर्ता द्वारा सभी सम्मानित नवनिर्वाचित सदस्यों का नाम उच्चारित किया गया। बच्चों के लिए न्योता भोज में विद्यालय की ओर से केला, बिस्किट चॉकलेट और जलेबी की व्यवस्था रखी गई थी, कार्यक्रम के अंत में शाला प्रभारी शिक्षिका देवांगन ने अपने उद्बोधन में कार्यक्रम में उपस्थित सभी का आभार व्यक्त किया।

### अवैध शराब के साथ 6 आरोपी पकड़े गए

**भिलाई।** दुर्ग पुलिस ने अवैध शराब के परिवहन और बिक्री में संलिप्त छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है। थाना उतई, रानीतराई, खुर्सीपार और छावनी क्षेत्र में पांच अलग-अलग स्थानों पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने भारी मात्रा में अवैध शराब, नकदी और एक मोटरसाइकिल जब्त की है। पुलिस के अनुसार 21 और 22 जून 2026 को मुखबिर की सूचना पर अलग-अलग टीमों ने दबिश देकर कार्रवाई की। इस दौरान कुल 297 पौवा और 14 बोतल अवैध शराब, बिक्री से प्राप्त 20,780 रुपये नकद तथा परिवहन में प्रयुक्त एक मोटरसाइकिल बरामद की गई। सभी आरोपियों के खिलाफ धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। थाना उतई क्षेत्र के ग्राम पतोरा में पुलिस ने पुरेंद्र ठाकुर और शिवराम यादव को मोटरसाइकिल से 32 पौवा अवैध शराब का परिवहन करते हुए गिरफ्तार किया।

## मेधावी छात्र सम्मान समारोह आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▸▸| डौंडीलोहारा

- 16 विद्यार्थियों का हुआ सम्मान
- रामचरितमानस की प्रति एवं स्मृति उपहार किए गए भेंट



ग्राम संबलपुर में शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों के उत्साहवर्धन के लिए शिव कृपा मानस परिवार द्वारा मेधावी छात्र सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कक्षा 9वीं से 12वीं तक की परीक्षाओं में 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले 16 छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया।

समारोह में विद्यार्थियों का सम्मान बैज लगाकर, गुलाब का फूल भेंट कर तथा पवित्र रामचरितमानस की प्रति और उपहार देकर किया सम्मानित। विद्यार्थियों में लेखा पटेल, कुणाल पटेल, वाणी गोस्वामी, होमेंद्र उर्वशा, अंबर निरोटी, हर्षवर्धन शर्मा, राहुल गोस्वामी, चंचल पटेल, पोषण ठाकुर, तनीषा पटेल, एकांत सोनबोईर, मिथलेश भुआर्य, शशिकला साहू, यमन पटेल एवं उमेश पटेल सहित कुल 16 छात्र-छात्राएं शामिल रहे। कार्यक्रम का संचालन करते हुए विरेंद्र अजनबी ने कहा कि शिव कृपा मानस परिवार द्वारा यह आयोजन प्रतिवर्ष किया जाता है। संस्था का उद्देश्य मेधावी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन कर उन्हें शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के बच्चे अपनी प्रतिभा और मेहनत के बल पर विभिन्न क्षेत्रों में सफलता प्राप्त कर देश का नाम रोशन करें, यही संस्था की कामना है।अभिभावकों ने भी संस्था के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से बच्चों में प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित होती है और उन्हें बेहतर प्रदर्शन करने की प्रेरणा मिलती है। इस अवसर पर विरेंद्र अजनबी, अग्नू पटेल, एन. कुमार पटेल, पंडित खिलाबन तिवारी, नंदू निषाद, इंद्रपाल पटेल, शुभे सोनबोईर, देवराज रात्रे एवं मन्यु पुरी सहित अन्य सदस्यों का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम के अंत में संस्था के सदस्यों ने सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उपस्थित जनों का आभार व्यक्त किया।

## गजेन्द्र का अग्निवीर में चयन सिकंदराबाद में लेंगे प्रशिक्षण



हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

ग्राम मेड़की के गजेन्द्र कुमार साहू ने अग्निवीर भर्ती में चयनित होने के बाद गजेन्द्र अब तेलंगाना के सिकंदराबाद में प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। उनकी इस उपलब्धि से परिवार, ग्रामीणों और क्षेत्रवासियों में खुशी का माहौल है। गजेन्द्र कुमार साहू, पिता वेदराम साहू एवं माता रुखमणी बाई साहू के पुत्र हैं। बचपन से ही अनुशासित और मेहनती रहे गजेन्द्र ने अपने लक्ष्य को हासिल करने के लिए लगातार कठिन परिश्रम किया, जिसका परिणाम आज पूरे गांव के सामने एक प्रेरणादायक उदाहरण बनकर उभरा है। इस अवसर पर ग्राम पंचायत ओरमा की सरपंच मंजूलता साहू ने गजेन्द्र कुमार साहू का पुष्पगुच्छ, फूलमाला एवं गुलाब का पौधा भेंट कर सम्मान किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। सरपंच ने कहा कि गजेन्द्र की सफलता गांव के अन्य युवाओं के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बनेगी। सरपंच मंजुलता साहू और ग्रामीण समाज साहू के अध्यक्ष मनोहर साहू, दादा तुलसी राम साहू ,दादी गिरजा बाई साहू, और बड़ी संख्या मे परिवार के सदस्य ने गजेन्द्र कुमार साहू को शुभकामनाएं देते हुए उनके सफल प्रशिक्षण एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## सामुदायिक भवन निर्माण के दौरान ठेकेदार व मजदूरों से विवाद, अपराध दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

पाटन थाना अंतर्गत ग्राम अरसनारा में सामुदायिक भवन निर्माण के दौरान ठेकेदार व श्रमिकों से विवाद का मामला सामने आया है। प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने प्रकाश साहू, तेजप्रकाश साहू व अन्य के खिलाफ धारा 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार ठेकेदार रमेश कुमार ने पुलिस को बताया कि ग्राम अरसनारा में 23 जून सुबह 7.30 बजे सामुदायिक भवन निर्माण कार्य प्रारंभ करने पर तेजप्रकाश साहू, प्रकाश साहू, कुलेश्वर साहू व तोरण साहू सभी परिवार के सदस्यों द्वारा अश्लील गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए शासकीय काम को बंद करा दिया। साथ ही टंगिया पकड़कर मारने के लिए दौड़ाया गया। इसके कारण श्रमिकों को जान का खतरा बना हुआ है। रमेश ने बताया कि चूंकि उक्त निर्माण कार्य को प्रकाश साहू के द्वारा न्यायालय में दिए गए आवेदन पर सुनवाई के बाद खारिज करते हुए निर्माण का कार्य प्रारंभ करने का आदेश दिया गया है। इसके अनुपालन में निर्माण कार्य प्रारंभ करने के लिए ग्राम कोटवार द्वारा प्रकाश साहू को 2 दिन पूर्व लकड़ी हटाने के लिए बोला गया था। मंगलवार को कालम गड्ढा खुदाई के लिए निर्माण स्थल पर जेसीबी लेकर गया था। जहां पर प्रकाश साहू व उनके परिवार के सभी सदस्यों द्वारा विरोध करते हुए काम बंद करा दिया गया।

## कचांदुर में अवैध गुटखा फैक्ट्री का भंडाफोड़, 3200 किलो जब्त

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

दुर्ग जिले के जेवरा-सिरसा चौकी क्षेत्र में खाद्य एवं औषधि प्रशासन और पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए एक अवैध गुटखा फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है। कार्रवाई के दौरान बड़ी मात्रा में तैयार गुटखा, कच्चा माल और गुटखा निर्माण में इस्तेमाल होने वाली मशीनें जब्त की गई हैं। जानकारी के अनुसार यह गोडाउन मो. मुस्तफा का है, जिसे उत्तर प्रदेश निवासी शानु खान ने किराए पर लिया था। दोनों के बीच बाकायदा किरायानामा भी हुआ था। पिछले 20 से 25 दिनों से गोडाउन बंद पड़ा था, जिससे वहां तैनात गार्ड को संदेह हुआ। गार्ड ने इसकी सूचना गोडाउन मालिक मो. मुस्तफा को दी। मुस्तफा ने किरायेदार शानु खान से संपर्क करने की कोशिश की, लेकिन उसका मोबाइल फोन बंद मिला। इसके बाद मामले की जानकारी पुलिस को दी गई।

**टीबी मरीजों के प्रति संवेदनशील व्यवहार अपनाने पर दिया जोर**

## टीबी मुक्त अभियान को मिले जनसहयोग कलेक्टर दिव्या मिश्रा ने की अपील

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

- दो सप्ताह से अधिक खांसी होने पर तत्काल जांच कराने की सलाह
- निक्षय मित्र' बनकर मरीजों की सहायता करने का आह्वान



राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत बालोद जिले को शत–प्रतिशत टीबी (क्षय रोग) मुक्त बनाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा प्रयासों को गति दी गई है। इसी क्रम में कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने समस्त जिले वासियों से इस राष्ट्रीय अभियान में सक्रिय सहभागिता और जागरूकता प्रदर्शित करने की अपील की है।

उन्होंने कहा कि बालोद जिला सदैव स्वास्थ्य चेतना और सामूहिक प्रयासों में अग्रणी रहा है, अतः अब समय आ गया है कि हम सब मिलकर जिले से क्षय रोग के समूल उन्मूलन का संकल्प लें। कलेक्टर मिश्रा ने नागरिकों को सचेत करते हुए कहा कि यदि किसी व्यक्ति को दो सप्ताह से अधिक समय से लगातार खांसी हो, सायंकाल के समय बुखार आता हो, अचानक वजन में गिरावट आ रही हो अथवा भूख न लग रही हो, तो इसे सामान्य शारीरिक कमजोरी मानकर नजर अंदाज न करें। ये लक्षण क्षय रोग (टीबी) के संकेतक हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि इन लक्षणों को समय पर पहचानें और बीमारी को छिपाने के बजाय तत्काल चिकित्सकीय परामर्श लें। कलेक्टर ने अवगत कराया कि बालोद जिले के समस्त शासकीय अस्पतालों, प्राथमिक एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में टीबी की अत्याधुनिक जांच (बलगम एवं सीबीनाट टेस्ट) सहित संपूर्ण उपचार पूरी तरह निःशुल्क उपलब्ध है। प्रभावित नागरिक समय पर इन शासकीय सुविधाओं का लाभ उठाकर पूर्णतः स्वस्थ हो सकते हैं। उन्होंने समाज के सक्षम नागरिकों, स्वैच्छिक संस्थाओं और जनप्रतिनिधियों से विशेष आग्रह करते हुए कहा कि वे सामाजिक दायित्व का निर्वहन करते हुए 'निक्षय मित्र' के रूप में अपना पंजीकरण कराएं। निक्षय मित्र बनकर क्षय रोगियों को गोद लें तथा उन्हें आवश्यक पौष्टिक आहार किट एवं मानसिक संबल प्रदान करें, जो उनके त्वरित स्वास्थ्य लाभ के लिए अत्यंत सहायक सिद्ध होगा।

कलेक्टर ने समाज से क्षय रोगियों के प्रति सकारात्मक एवं संवेदनशील दृष्टिकोण अपनाने पर बल दिया। उन्होंने निर्देशित किया कि टीबी ग्रसित व्यक्तियों के साथ किसी भी प्रकार का भेदभाव या अलगाव न बरतें, बल्कि उन्हें निर्धारित समयावधि तक नियमित उपचार लेने हेतु निरंतर प्रेरित करें।

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा
Multi Para Monitors / Bubble CPAP
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था
State of the art NICU including care for Preterm, Term
वातानुकूलित बच्चों का वार्ड
Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)
मो. 9981321524 / 7223011528



HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर)
फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन / क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

न्यू मातृ स्मृति हॉस्पिटल
मैटरनिटी, चिल्ड्रन्स एवं सर्जिकल हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएँ
गर्भवती महिलाओं की संपूर्ण जांच व परामर्श
नार्मल एवं सीजेरियन डिलीवरी
एवं बच्चेदानी का ऑपरेशन व नसबंदी
सर्वसुविधायुक्त PICU, NICU, OT
बच्चों की सभी प्रकार की सर्जरी हर्निया, हाईड्रोसील, सरकम सीजन की सुविधा
आयुष्मान कार्ड और CSEB से कैशलेस उपचार,
TPA की सुविधा
माँ और शिशु का विश्वास
डॉ. सी.पी.सिंह
(एमबीबीएस, एमडी) शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ. नीलिमा सिंह
(एमबीबीएस, डी.जी.ओ.) स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
9009553889, 9090204620
एकता नगर, अम्बेडकर चौक के पास, गुढ़ियारी रायपुर
ब्रांच : मातृ स्मृति मंगल बाजार, गायत्री मंदिर के सामने, गुढ़ियारी, रायपुर

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130



# भारती विश्वविद्यालय, दुर्ग

29 YEARS Legacy in Education

**प्रवेश प्रारंभ : 2026-27** SHAPING FUTURES, DELIVERING CAREERS **ADMISSIONS OPEN: 2026-27**

''भारती-ग्रुप'' पिछले 29 वर्षो से विभिन्न संकायों का सफलतापूर्वक संचालन कर रहा है। विकसित छत्तीसगढ़ @2047 के लक्ष्य को पाने के लिए भारती विश्वविद्यालय, दुर्ग शिक्षा, कौशल और नवाचार के क्षेत्र में अपना महत्वपूर्ण योगदान प्रदान कर, राज्य में आवश्यकता के अनुसार नये-नये पाठ्यक्रम संचालित कर युवाओ को उच्च-शिक्षा कम-खर्च / कम-फीस में प्रदान कर रहा है। आगे इसी लक्ष्य को पुरा करते हुये अध्ययन प्राप्त कर चुके, लगभग सभी विद्यार्थियों को प्लेसमेंट प्रदान कर रही है। इनकी योग्यता, कौशल एवं रुचि के अनुसार छत्तीसगढ़ सहित अन्य राज्यो की कई बड़ी-बड़ी कंपनियों में चयनित होकर कार्यरत है तथा कई बड़े रूप में स्व-रोजगार स्थापित कर लोगों को रोजगार प्रदान कर रहे है। जिससे हमारी संस्था के साथ-साथ अपने अभिभावकों का नाम गौरवान्वित कर रहे है, यही हमारी संस्था का मुख्य उद्देश्य है, जिसे निरंतर आगे बनाये रखेंगे इसी विश्वास के साथ ...

**लॉ ( कानून )-** लॉ एजुकेशन में बीए एलएलबी, बीकॉम एलएलबी, इंटीग्रेटेड लॉ 5 वर्षीय पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु शैक्षणिक योग्यता 12वीं उत्तीर्ण। एलएलबी 3 वर्षीय, प्रवेश के लिए किसी भी संकाय में स्नातक एवं एलएलएम 2 वर्षीय, प्रवेश के लिए एलएलबी उत्तीर्ण होना आवश्यक है। लॉ उत्तीर्ण होने के बाद अपने कैरियर बनाने के कई विकल्प हैं जिसमें से न्यायपालिका, वकालत, कानूनी सलाहकार के रूप में कैरियर बनाने का सुनहरा अवसर प्राप्त होता है, इसके अतिरिक्त वे कॉर्पोरेट सेक्टर, वित्तीय संस्थानों, इनकम टैक्स विभाग, लेखा एवं लेखा परीक्षा विभाग, मानव संसाधन, रियल एस्टेट, मीडिया, बैंकिंग और बीमा क्षेत्रों में भी कार्य कर अपना उज्जवल भविष्य बना सकते हैं।

**ज्ञान, कौशल और सफलता की कुंजी है पॉलिटेक्निक / इंजीनियरिंग / एमटेक**

हमारे छत्तीसगढ़ शासन औद्योगिक एवं तकनीकी विकास की दिशा में भारत की पहली सेमीकंडक्टर चिप निर्माण कंपनी पॉलीमेटेक इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड के साथ ही देश एवं विदेश की कई कम्पनीयों के साथ समझौता को बढ़ावा दे रही है एवं कई बड़ी-बड़ी कम्पनियो के निवेश से तकनीकी क्षेत्र में अध्ययन कर रहे विद्यार्थियो को राज्य में ही रोजगार के नये अवसर प्राप्त हो रहे हैं। पॉलिटेक्निक 3 वर्षीय प्रवेश हेतु 10वीं उत्तीर्ण, बी.टेक 4 वर्षीय, प्रवेश हेतु 12वीं उत्तीर्ण होना आवश्यक है। विद्यार्थी सिविल, मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल, इलेक्ट्रॉनिक्स, कंप्यूटर साइंस, इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन जैसे विषयों में प्रवेश लेकर गहन तकनीकी प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते है। यह कोर्स विद्यार्थियों को अनुसंधान, डिजाइन, विकास, प्रोजेक्ट मैनेजमेंट और इंडस्ट्री में विविध तकनीकी जिम्मेदारियों के लिए तैयार करता है। इंजीनियरिंग की डिग्री प्राप्त करने के बाद विद्यार्थी विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार प्राप्त कर सकते हैं जैसे निर्माण कंपनियां, सूचना प्रौद्योगिकी कंपनियां, इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योग, ऑटोमोबाइल, पावर प्लांट्स, स्टार्टअप्स, सरकारी विभाग, अनुसंधान संस्थान, और शिक्षण संस्थान में रोजगार एवं स्व-रोजगार का अवसर मिलेगा।

Afft. to Ayush University, Raipur
• BAMS Bachelor of Ayurvedic Medicine and Surgery • B.Sc. (Nursing)

Afft. to IGKV, Raipur
• B.Tech Agri. • B.Sc. Agri.

## प्रथम दीक्षांत समारोह में उपस्थित डॉक्टरेट उपाधि प्राप्तकर्ता



भारती विश्वविद्यालय मे बीए, बीकाम, बीएससी डिप्लोमा एवं लगभग सभी स्नातक एवं स्नातकोत्तर कोर्सेस सेमेस्टर प्रणाली में संचालित किये जा रहे है। विद्यार्थियों का रुझान एवं राज्य में कोर्सेस की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुये कई नये-नये विषयों मे शिक्षा प्रदान किया जा रहा है। विद्यार्थीयों को सिलेबस के विस्तृत ज्ञान की प्राप्ति एवं प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त करने के उद्देश्य से सेमेस्टर प्रणाली में अध्ययन के साथ-साथ IAS, IPS, IES, IFS, IRS, SSC, CGPSC/State Public Service Commission तथा अन्य सभी केंद्रीय एवं राज्य स्तरीय प्रतियोगी परीक्षाओं में उत्कृष्ट सफलता सुनिश्चित करने हेतु इसकी तैयारी नि:शुल्क प्रदान की जा रही है।

**Law**
- B.A. LLB
- LLB
- B.Com LLB
- LLM

**Engineering**

M. Tech. / B.Tech. / Polytechnic
- CSE
- Civil
- ET&T
- Mechanical
- Electrical

(Regular / Working Professionals with Flexible Time)

**Education**
- D.El.Ed.
- B.Ed.
- M.Ed.

**Public Health**
- MPH (Master of Public Health)

**Rural Studies**
- Bachelor (BRS)
- Master (MRS)

**Physical Education**
- Bachelor of Physical Education and Sports (B.P.E.S.)*
- Masters of Physical Education and Sports (M.P.E.S.)*

**Social Work**
- Diploma (DSW)
- Bachelor (BSW)
- Master (MSW)

**Pharmacy**
- D. Pharma
- B. Pharma
- M. Pharma

**Science**
- B.Sc (Hons)/M.Sc
  - Forensic Science • Chemistry • Maths
  - Computer Sceince • Physics • Zoology
  - Animation & Visual Effects • Botony
  - Microbiology • Biotechnology
  - Home Science • IT

**Arts/ Commerce & Management**
- BBA
- MBA
  - Hospital Mgt. • Financial Mgt
  - Marketing Mgt. • Human Resource Mgt.
- B.A.(Hons)/ M.A
  - Psychology • English • Sociology
  - Yoga • Hindi • Sanskrit • Economics
  - History • Geography • Political Science
- B.Com.(Hons)
- M.Com
- B.Stat
- M.Stat
- DCA
- BCA
- PGDCA

**Library Science**
- M.Lib
- B.Lib
- D.Lib

**Diploma Courses (1year)**
- Forensic Science
- Digital Marketing
- Yoga Science
- Nutrition & Dietetics
- Interior Design
- Multimedia & Graphic Animation
- Fashion Design
- Cyber Crime

**Ph.D. Available in all Major Subjects**


**फॉरेंसिक साइंस-** भारती विश्वविद्यालय न केवल दुर्ग, बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ में कानून व्यवस्था, न्यायिक प्रक्रिया और फॉरेंसिक अनुसंधान के क्षेत्र में शिक्षा का एक मजबूत केंद्र बनकर उभरा है। बीएससी फॉरेंसिक साइंस(ऑनर्स) 3+1 वर्षीय (डिग्री+अनुसंधान)में प्रवेश हेतु गणित अथवा विज्ञान विषय में 12वीं उत्तीर्ण एवं एमएससी फॉरेंसिक साइंस 2 वर्षीय, प्रवेश हेतु बीएससी गणित/जीवविज्ञान, फार्मेसी, इंजीनियरिंग के साथ स्नातक होना अनिवार्य है। इस विषय से छात्रों को अपराध अनुसंधान, डीएनए विश्लेषण, फिंगरप्रिंट तकनीक, क्राइम सीन इन्वेस्टिगेशन, साइबर सिक्योरिटी और टॉक्सीकोलॉजी जैसे आधुनिक कौशलों में प्रशिक्षित होने का ज्ञान प्राप्त होगा। डिग्री प्राप्त होने के बाद अपराध जाँच में वैज्ञानिक सबूतो के बढ़ते महत्व के कारण सरकारी और निजी दोनों क्षेत्रों में फॉरेंसिक साइंस के क्षेत्र में नौकरी के सबसे ज्यादा अवसर हैं, फॉरेंसिक साइंस के विद्यार्थी देश-विदेश के फॉरेंसिक शिक्षण संस्थानों में प्राध्यापक एवं फॉरेंसिक एक्सपर्ट के रूप में कार्य करते हैं। सरकारी विभागों जैसे सेंट्रल एवं स्टेट फॉरेंसिक साइंस लैब, गृह विभाग, पुलिस, इंटेलिजेंस और क्रिमिनल इन्वेस्टिगेशन से संबंधित अन्य खुफिया एजेंसियों में फॉरेंसिक साइंस का विशेष महत्व है। साइकोलॉजी, क्रिमिनोलॉजी और साइबर सिक्योरिटी जैसे समकालीन विषयों में स्नातक, स्नातकोत्तर एवं डिप्लोमा पाठ्यक्रम संचालित किये जा रहे हैं, जो विद्यार्थियों को एक सशक्त कैरियर एवं रोजगार के अवसर प्रदान करते हैं।

**फॉरेंसिक से जुड़े अपने सपनों को दीजिए एक नई उड़ान...**

**''फार्मेसी ज्ञान और सेवा का संगम''**

डी. फार्मेसी 2 वर्ष का डिप्लोमा कोर्स एवं बी.फार्मेसी 4 वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम है जिनमें प्रवेश हेतु 12वीं उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। फार्मेसी विज्ञान और मानव स्वास्थ्य के बीच एक सेतु है, जो कि ना केवल दवाओं की गुणवत्ता और प्रभाव को सुनिश्चित करता है, बल्कि रोगों की रोकथाम और इलाज में अहम भूमिका निभाता है। आज की तेज रफ्तार जीवनशैली, बदलती स्वास्थ्य समस्याएं, और नई-नई बीमारियों के बढ़ते प्रकोप के चलते फार्मेसी क्षेत्र में कुशल और प्रशिक्षित पेशेवरों की मांग निरंतर बढ़ रही है। यह कोर्स अनुसंधान, शिक्षण, उद्योग और सरकारी विभागों में उन्नत कैरियर के लिए मार्ग प्रशस्त करता है। जिसमें विद्यार्थियों को फार्मास्युटिकल विज्ञान की मूलभूत जानकारी, दवा निर्माण, ड्रग डिजाइन, फार्माकोलॉजी, हर्बल ड्रग्स और क्लिनिकल फार्मेसी जैसे विषयों में गहन प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है। इस कोर्स के अध्ययन से विद्यार्थियों को अनुसंधान, निर्माण, गुणवत्ता नियंत्रण, और फार्मास्युटिकल इंडस्ट्री में विभिन्न जिम्मेदारियों के लिये तैयार होते है। फार्मेसी के डिग्री प्राप्त करने के बाद छात्र सरकारी और निजी अस्पतालों, क्लीनिकों, इसके अलावा स्वरोजगार के लिए मेडिकल स्टोर भी प्रारंभ कर सकते हैं।

## PLACEMENT SELCTION 2026



TOP RECRUITERS: WIPRO LTD. | ASHOK L bY LAYAM GROUP | JINDAL ELECTRICAL | HCL INFOSYSTEMS Ltd. | TATA CONSULTANCY SERVICES | L & T CONSTRUCTION | SUZUKI MOTORS | MAHINDRA & MAHINDRA Ltd. | CAPGEMINI INDIA PVT. LTD. | ULTRATECH CEMENT | SUZLON ENERGY LTD. | BOC INDIA LTD. | DHOOT TRANSMISSIONS | ADVIK HIGH TECH Pvt. Ltd. | HIRA POWER & STEEL | MAINTEC TECHNOLOGIES | IDBI BANK LIMITED | JUST DIAL LIMITED





6232221101/ 02/ 03/ 04/ 05/ 06/ 07

www.bhartiuniversity.org
bhartiuniversity.in@gmail.com



## SUN PUBLIC SCHOOL

A CBSE NEW Delhi, affiliated School
ADMISSIONS OPEN
Day Boarding School
Hostel Facility Available from 6th to 12th Class
NURSERY TO 12TH CBSE
ENGLISH MEDIUM
9109186601, 9109186607

## सन प्राइवेट आई.टी.आई.

भारत सरकार (NCVT & DGT) एवं छ.ग. शासन द्वारा मान्यता प्राप्त

विशेषताएं
- उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम
- अनुभवी शिक्षक
- आधुनिक टूल्स एवं मशीनों द्वारा ट्रेनिंग
- छात्रवृत्ति की सुविधा
- हॉस्टल की सुविधा

प्रवेश प्रारंभ
- इलेक्ट्रीशियन, फिटर } 2 वर्ष
- कोपा, स्टेनो (हिन्दी) } 1 वर्ष

9589158888, 9109186606

## खबर संक्षेप



### विधी गोलछा ने कानून शिक्षा में हासिल की उपलब्धि

**जामगांव आर।** नवागांव के किसान सेठ पन्नालाल गोलछा की पौत्री विधी गोलछा सुपुत्री प्रकाश अंजू गोलछा ने मुंबई से बीए, एलएलबी, एलएलएम, इन्वेस्टमेंट एंड सिक्योरिटीज़ में लॉ किया। विदित हो कि विधी की बड़ी बहन सजल नेत्र रोग चिकित्सक है, सेकंड बड़ी बहन सुरभि ने पत्रकारिता में मुकाम हासिल किया। पन्नालाल गोलछा ने कहा अब परिवार की चौथी पीढ़ी शिक्षा के क्षेत्र में जो मुकाम हासिल कर रही अदभुत और दिल को छूने वाली दास्ता है। गोलछा ने कहा कि बेटियां इतिहास गढ़ रही है। विधी ने बताया कि बीए एलएलबी, एलएलएम, इन्वेस्टमेंट एंड सिक्योरिटीज़ लॉ करना मेरे लिए आसान नहीं था लेकिन दादा और माता पिता का प्रेरणादाई मार्गदर्शन और सारा सपोर्ट खुलकर मिलता गया।

### तीन छात्रों का राष्ट्रीय छात्रवृत्ति परीक्षा में चयन

**अण्डा।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला अंडा के लिए गर्व का विषय है कि राष्ट्रीय साधन सह प्राविण्य छात्रवृत्ति परीक्षा सत्र 2025-26 में विद्यालय के तीन विद्यार्थियों का चयन हुआ है। इस उपलब्धि से स्कूल, पालकों और पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है। शाला की प्रधान पाठक विजय लक्ष्मी राव के मार्गदर्शन, शिक्षकों की मेहनत, पालकों के सहयोग और विद्यार्थियों के कठिन परिश्रम से यह सफलता संभव हो पाई। प्रधान पाठक द्वारा बच्चों को परीक्षा की तैयारी के लिए निःशुल्क पुस्तकें उपलब्ध कराई जाती हैं। जानकारी के अनुसार, इस परीक्षा की तैयारी के लिए पिछले लगभग 5 माह से नियमित रूप से स्कूल समय के बाद दोपहर 12 बजे से डेढ़ बजे तक अतिरिक्त निःशुल्क कक्षाएं संचालित की गईं। यह प्रयास पिछले 10 वर्षों से लगातार जारी है। इस वर्ष चयनित विद्यार्थियों में तुषार निर्मलकर, लोकाशी साहू और मान्यता शामिल हैं। विद्यार्थियों की इस सफलता पर शाला के शिक्षक सुरेन्द्र कुमार सेन, नीलिमा वर्मा, अनुरमा शुक्ला, भीमेश्वरी चंद्राकर और तामेश्वर राम साहू सहित शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष खोरबाहरा राम निर्मलकर, सदस्य डी.पी. चंद्राकर, प्राचार्य सीमा जाम्बूलकर तथा संकुल समन्वयक प्रवेश कुमार देवांगन ने बच्चों और मार्गदर्शक शिक्षकों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। वहीं पालकों ने भी बच्चों की सफलता पर गर्व व्यक्त किया। ग्राम सरपंच दिग्विजय सिन्हा ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## निधन

### परसादी राम साहू

**बालोद/कलंगपुर।** सेवा निवृत्त शिक्षक ग्राम कलंगपुर निवासी परसादी राम साहू 70 वर्षीय का निधन हो गया है। जिनका अंतिम संस्कार ग्राम के मुक्तिधाम में किया गया। वे परसादी राम साहू, डॉ. लाकेश कुमार साहू एवं प्रितम साहू के पिता थे।



## बैठक

# आपातकाल भारतीय लोकतंत्र का सबसे काला अध्याय: चंदूलाल साहू

### नई पीढ़ी को इतिहास से सीख लेने का किया आह्वान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय आपातकाल को लेकर एक प्रेस वार्ता आयोजित की गई, इस प्रेस वार्ता के मुख्य वक्ता पूर्व सांसद व छत्तीसगढ़ राज्य भंडारण निगम के अध्यक्ष चंदूलाल साहू रहे। आपातकाल की 51 वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित पत्रकार वार्ता को सांसद चंदूलाल साहू ने संबोधित किया।

■ लोकतंत्र सेनानियों के संघर्ष और बलिदान को किया याद

उन्होंने कहा कि 25 जून 1975 को लगाए गए आपातकाल को भारतीय लोकतंत्र के इतिहास का सबसे काला अध्याय बताते हुए कहा कि तत्कालीन कांग्रेस की सरकार ने सत्ता बचाने के लिए लोग तांत्रिक संस्थाओं संविधान और नागरिक के मौलिक अधिकारों का दमन किया। 25 जून भारतीय लोकतंत्र का काला दिवस है और देश को इस ऐतिहासिक घटना को सदैव स्मरण रखना होगा लोकतंत्र सेनानियों के संघर्ष त्याग और बलिदान नहीं देश में लोकतांत्रिक मूल्यों की पूर्ण स्थापना का मार्ग प्रशस्त किया। उन्होंने कहा कि आपातकाल की विभिषिका और उससे मिली सीख को नई पीढ़ी तक पहुंचना भारतीय जनता पार्टी का दायित्व है, ताकि भविष्य में लोकतंत्र पर ऐसी किसी भी आघात की पूरनावृत्ति ना हो। साहू ने कहा आपातकाल के दौरान देशभर के विपक्षी नेताओं पत्रकारों सामाजिक कार्यकर्ताओं और लोकतंत्र समर्थकों को जेल में बंद किया गया प्रेस पर सेंसरशिप लगाई गई तथा न्यायपालिका एवं अन्य संवैधानिक संस्थाओं पर दबाव बनाया गया।




उन्होंने आगे कहा कि लोकतंत्र की रक्षा के लिए संघर्ष करने वाले हजारों कार्यकर्ताओं नेताओं के त्याग एवं बलिदान को देश कभी नहीं भूल सकता।

आपातकाल के दौरान देशभर में नागरिकों के मौलिक अधिकारों का हनन किया गया प्रेस की स्वतंत्रता पर प्रतिबंध लगाए गए और हजारों राजनीतिक कार्यकर्ताओं को जेल में डाल दिया गया उन्होंने कहा कि लोकनायक जयप्रकाश नारायण, अटल बिहारी वाजपेई, लालकृष्ण आडवाणी, सहित अनेक विपक्षी नेताओं को बिना किसी अपराध की गिरफ्तार कर लोकतांत्रिक आवाज को दबाने का प्रयास किया गया। साहू ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी आपातकाल की विशेषता को नई पीढ़ी तक पहुंचाने के लिए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर रही है, ताकि लोकतंत्र की रक्षा और संविधान के प्रति जन जागरूकता बनी रहे। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र केवल मतदान तक सीमित नहीं बल्कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता नागरिक अधिकारों और संवैधानिक संस्थाओं की स्वायत्तता से ही मजबूत होता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश लोकतांत्रिक मूल्यों को सशक्त बनाने की दिशा में आगे बढ़ रहा है और आज भारत विश्व के सबसे बड़े लोकतांत्रिक के रूप में नई ऊंचाइयों को प्राप्त कर रहा है। इस प्रेस वार्ता में पूर्व जिला अध्यक्ष कृष्ण कांत पवार, पूर्व विधायक प्रीतम साहू, जिला महामंत्री राकेश छोटू यादव, जिला उपाध्यक्ष पवन सोनबरसा, जिला मंत्री प्रेम साहू, जिला प्रवक्ता जितेन्द्र साहू, जिला मीडिया प्रभारी कमल पनपालिया, सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू

### 30 दिसंबर तक कर सकेंगे आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग द्वारा संचालित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत शैक्षणिक सत्र 2026–27 के लिए ऑनलाइन पंजीयन, स्वीकृति एवं छात्रवृत्ति वितरण की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। योजना के तहत शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों, इंजीनियरिंग, मेडिकल एवं नसिंर्ग कॉलेजों, आईटीआई तथा पॉलिटेक्निक संस्थानों में अध्ययनरत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के पात्र विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति का लाभ प्रदान किया जाएगा।

■ आधार से जुड़े बैंक खाते में सीधे पहुंचेगी छात्रवृत्ति राशि

सत्र 2026–27 के लिए नवीनीकरण आवेदन की ऑनलाइन प्रक्रिया 20 जून 2026 से प्रारंभ होकर 30 दिसंबर 2026 तक संचालित होगी, जबकि नवीन आवेदन 01 अगस्त 2026 से 30 दिसंबर 2026 तक ऑनलाइन किए जा सकेंगे। छात्रवृत्ति की राशि विद्यार्थियों के आधार से सीडेड बैंक खातों में भुगतान आदेश जारी होने के पश्चात 07 कार्य दिवस के भीतर अंतरित की जाएगी। विभाग द्वारा सभी संस्था प्रमुखों, छात्रवृत्ति प्रभारियों एवं संबंधित अधिकारियों को निर्धारित समय–सीमा के भीतर आवेदन, सत्यापन एवं स्वीकृति संबंधी समस्त कार्यवाही पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही स्पष्ट किया गया है कि निर्धारित अंतिम तिथि के पश्चात छात्रवृत्ति पोर्टल बंद कर दिया जाएगा तथा ड्राफ्ट प्रपोजल लॉक एवं सैंक्शन ऑर्डर लॉक करने का अवसर उपलब्ध नहीं रहेगा। विभाग ने यह भी स्पष्ट किया है कि निर्धारित समयावधि में आवश्यक कार्यवाही पूर्ण नहीं होने के कारण यदि किसी संस्था के विद्यार्थी छात्रवृत्ति लाभ से वंचित रह जाते हैं, तो इसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी संबंधित संस्था प्रमुख की होगी। विद्यार्थियों से अपील की गई है कि वे समय रहते ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया पूर्ण कर योजना का लाभ सुनिश्चित करें।

# खरथुली में धूमधाम से मनाया प्रवेश उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय खरथुली में प्रवेश उत्सव समारोह मनाया गया। अतिथियों के द्वारा मा सरस्वती मा भारती के तैल चित्र पर पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर छात्र छात्राओं द्वारा रंगारंग सांकृतिक कार्यक्रम स्कूल जाबो पढ़े बार, जिंदगी ला गढ़े बर प्रस्तुत किया गया।

मुख्य अतिथि हरखाराम खरे ने नव प्रवेशी छात्र, छात्रओ विद्यालय स्टाफ को आगामी सत्र में सभी की शैक्षिक जीवन की अच्छाई हेतु आशीर्वाद प्रदान किये एव उपसरपंच गोपेन्द्र पिस्दा ने भी सभी छात्र, छात्रओ को उच्चअंक प्राप्त करने हेतु अभी से कड़ी मेहनत करने हेतु प्रेरित किये। विद्यालय के प्राचार्य घनाराम देशमुख ने कहा अनुशासन ही देश को महान बनाता है, इसलिए आप सभी अनुशासन में रहकर विद्यालय के सभी गतिविधियों में अग्रणी रहे। दिलेन्द्र साहू, कीर्तन राम देवांगन ने सभी बच्चों को इस अवसर पर आशीर्वाद दिए। कार्यक्रम मे मुख्य रूप से सुलैना निषाद, कीर्ति देशलहरे, संजय मिश्रा ने कहा आज का आपका निर्णय केवल वर्तमान को नहीं, आने वाले आपकी भविष्य में सफलता की दिशा को भी तय करेगा। कार्यक्रम के अध्यक्ष डॉ मानसिंह तारम ने





अपने आशीर्वचन में सभी छात्र छात्राओ को प्रारम्भ से ही कड़ी मेहनत कर भविष्य की परीक्षा में सफल होने की अग्रिम शुभकामनाएं दिए। कार्यक्रम का संचालन गजेंद्रपुरी गोस्वामी ने किया। सामूहिक भोंजन एवं राज्यगीत अरपा पैरी, शान्ति पाठ गान के साथ कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में ग्राम पटेल रामदयाल बनजारे, कीर्तन रामदेवांगन, दलेन्द्र साहू, भागवत चतुर्वेदी, गजेंद्रपुरी गोस्वामी, राजेश साहू, होरीलाल पटेल, डामेंद्र साहू, खेमलाल ठाकुर, हरीश रावटे, लालेश्वर ठाकुर, सौरभ कुमार, रेखा देशमुख, सरोज ठाकुर, यसोदा नायक, इंदु वर्मा, मनोहर सिन्हा, भोज भुआर्य, नीता उर्वसा, व्यख्याता प्रदीप साहू का सहयोग रहा।

# पुस्तकें पहुंचने से टला विरोध प्रदर्शन पालकों ने स्थगित की तालाबंदी

**कुसुमकसा।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम (सेजस) विद्यालय कुसुमकसा में अध्ययनरत बच्चो को शाला खुलने के आठ दिन बाद भी पुस्तक उपलब्ध ना होने से नाराज पालकों ने 25 जून को शाला में तालाबंदी कर विरोध प्रदर्शन करने दिए गए ज्ञापन पर संज्ञान लेते हुए शासन प्रशासन द्वारा 24 जून को शाला में कक्षा वार पुस्तको की आपूर्ति किए जाने से बच्चों सहित पालकों के बीच खुशी की लहर दौड़ गई और पालकों व ग्रामीणों ने पुस्तक शाला में पहुंचने पर उनकी मांग पूरी होने पर 25 जून को प्रस्तावित शाला में तालाबंदी और विरोध प्रदर्शन को स्थगित कर दिया है। सेजस विद्यालय के प्राचार्य सुनीता यादव द्वारा समस्त कक्षाओ की पुस्तके शाला परिसर में शासन द्वारा उपलब्ध कराए जाने की जानकारी मोबाइल पर दी गई, तदपश्चात अनिल सुथार पूर्व जनपद सदस्य, मोहन हिड़को, नितिन जैन उपसरपंच,नईम कुरैशी, डॉ नसीम खान, हरिश साहू, विनोद ठाकुर, ,विनोद सोनी, सहित पालकगण शाला परिसर पहुंच कर कमरे में रखी पुस्तको का अवलोकन किया ,प्राचार्य ने सभी कक्षाओ के पुस्तको की जानकारी देते हुआ बताया की कक्षा द्वितीय के अंग्रेजी पुस्तक का आबंटन नही आया है, उक्त पुस्तक भी जल्द आने की बात कही ,पालकों ,जनप्रतिनिधि व ग्रामीणों ने उनकी मांग के अनुरूप पुस्तक की आपूर्ति करने के लिए शासन प्रशासन का आभार व्यक्त किया।

# बाबा दरबार पावन धाम धनोरा में दो अगस्त को मनाई जाएगी गुरु पूर्णिमा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

बाबा दरबार पावन धाम धनोरा दुर्ग में हर साल की भांति इस वर्ष भी स्वर्गीय श्री परमानंद कठोलिया की स्मृति में श्रद्धांजलि एवं पुण्य तिथि मनाने का निर्णय लिया गया दरबार के श्री लक्ष्मण बाबा ने बताया कि इस वर्ष 2 अगस्त रविवार को सुबह दस बजे से रात्रि 9 बजे तक गुरु पूर्णिमा एवं अतिथी स्वागत का कार्यक्रम रखा गया है।

■ पुण्यतिथि, भरथरी कार्यक्रम होगा आकर्षण

जिसमें मुख्य अतिथि पद्म मंमता चंन्दाकर एवं प्रेम चंन्दाकर फिल्म निर्देशक एवं निर्माता विशेष अतिथि दुष्यंत हरमुख रंग झरोखा संस्थान रिंकी देवांगन लोक गायिका स्वर कोकिला कविता वासनिक दीदी हिमानी वासनिक कनक साहू बाल कलाकार लोकगायिका तृषा साहू लोकगायिका एवं टोमन वर्मा जस जगराता गायक का आगमन एवं शाम 5 बजे से सुश्री हिमानी वासनिक के मंडली द्वारा भरथरी का आयोजन एवं शाम 4 बजे से प्रसाद खिचड़ी वितरण किया जाएगा। यह कार्यक्रम जुगल किशोर कठोलिया एवं बाबा दरबार पावन धाम धनोरा एवं दरबार में आने वाले भक्त गण



के द्वारा किया जा रहा है। इस बैठक में मुख्य रूप से शामिल रहे दरबार के लक्ष्मण बाबा नंद पंडा विनोद कुमार साहू राजू यादव मनसुखा साहू मनोज पटेल गुलाब साहू योगेश साहू राजू देशमुख भोलू खिलेशवर साहू सुंदर सपरे चंन्द्र कांत देवांगन एमलाल देवांगन कल्याण देवांगन ललित साहू रोशन साहू डॉ धनेशवर साहू डोरे लाल साहू मंच संचालक बबलू गज्जू रायपुरीहा जीवराखन ठेकेदार बाबू लाल साहू योगेश साहू दिनेश साहू मुनना गंधर्व सुनील पेटर दिनेश यादव रामु यादव ओमकार साहू टीकम गुमान साहू तोमन गजपाल उमेश साहू वासुदेव स्प्रे पुर्व उपसरपंच कुंभकरण पटेल हेमंत साहू भजन गायक मारियल साहू उपस्थित रहे।

# शाला प्रवेशोत्सव एवं जन्मोत्सव समारोह में बच्चों का हुआ स्वागत

**डौण्डीलोहारा।** शासकीय बालक पूर्व माध्यमिक शाला डौण्डीलोहारा में नवीन शैक्षणिक सत्र के शुभारंभ अवसर पर शाला प्रवेशोत्सव एवं छात्र जयंत निषाद के जन्मोत्सव का आयोजन हर्षोल्लास और उत्साहपूर्ण वातावरण में किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय परिवार ने नवप्रवेशी एवं अध्ययनरत विद्यार्थियों का आत्मीय स्वागत करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।कार्यक्रम के दौरान समाजसेवी लोकेश्वर सिंह निषाद के सुपुत्र जयंत निषाद का जन्मदिन भी विशेष रूप से मनाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों के बीच पेड़ा, केला एवं अन्य मिठाइयों का वितरण किया गया। साथ ही बच्चों को पूरक पोषण आहार एवं आवश्यक शैक्षणिक सामग्री वितरित कर नियमित अध्ययन के लिए प्रेरित किया गया। विद्यालय के संस्था प्रमुख के.के. आलेंद्र ने विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए कहा कि शिक्षा ही जीवन में सफलता का सबसे सशक्त माध्यम है। उन्होंने सभी छात्रों से नियमित रूप से विद्यालय उपस्थित होकर मन लगाकर अध्ययन



करने का आह्वान किया। साथ ही जयंत निषाद को जन्मदिवस की शुभकामनाएं देते हुए उनके स्वस्थ, सुखी एवं दीर्घायु जीवन की कामना की। इस अवसर पर शिक्षिका सातों धनकर एवं वंदना साहू ने भी विद्यार्थियों को नए शैक्षणिक सत्र की शुभकामनाएं देते हुए शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बच्चों को अनुशासन, स्वच्छता एवं नियमित अध्ययन की प्रेरणा दी। कार्यक्रम का सफल संचालन शिक्षक एल. सी. सोनवानी ने किया तथा अंत में सभी के प्रति आभार व्यक्त किया गया। विद्यालय परिवार के इस अभिनव आयोजन की विद्यार्थियों एवं अभिभावकों ने सराहना की।

# डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को श्रद्धांजलि, मोदी के 12 वर्ष पूर्ण होने पर आभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

जनपद पंचायत क्षेत्र क्रमांक 18 अंतर्गत ग्राम बड़गांव के अटल चौक में भारतीय जनसंघ के संस्थापक, प्रखर राष्ट्रवादी चिंतक एवं शिक्षाविद् डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदानी दिवस पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं भाजपा कार्यकर्ताओं ने डॉ. मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके राष्ट्र निर्माण में दिए गए योगदान को स्मरण किया।इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने देश की एकता, अखंडता और राष्ट्रवाद के लिए अपना सर्वस्व समर्पित कर दिया। उनके विचार आज भी देशवासियों को राष्ट्रहित में कार्य करने की प्रेरणा प्रदान करते हैं। कार्यक्रम में उनके जीवन संघर्ष, त्याग और बलिदान पर प्रकाश डालते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई।कार्यक्रम के दौरान देश के यशस्वी प्रधानमंत्री द्वारा भारतीय लोकतांत्रिक व्यवस्था के तहत लगातार 12 वर्षों का सफल कार्यकाल पूर्ण करने पर क्षेत्रवासियों की ओर से आभार एवं शुभकामनाएं भी व्यक्त की गईं। उपस्थित

■ देश की एकता, अखंडता और विकास का लिया संकल्प



जनप्रतिनिधियों ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश ने विकास, सुशासन, आधारभूत संरचना, गरीब कल्याण एवं वैश्विक प्रतिष्ठा के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को प्राप्त किया है।सभा में जनपद पंचायत सभापति डोमेन्द्र ज्ञानू राजपूत ने कहा कि राष्ट्रहित सर्वोपरि की भावना को आत्मसात कर कार्य करना ही डॉ. मुखर्जी के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। कार्यक्रम में मीडिया प्रभारी प्रीतम साहू, देवदयाल देशमुख, सांवली बाई, भानु मनहरण निर्मलकर, जनक ग्राम सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रहित एवं क्षेत्र के विकास के संकल्प के साथ किया गया। उपस्थित सभी लोगों ने देश की एकता, अखंडता और विकास के लिए निरंतर कार्य करने का संकल्प लिया।

### डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर दी गई श्रद्धांजलि

**बालोद/कलंगपुर।** भारतीय जनसंघ के संस्थापक, महान राष्ट्रवादी चिंतक एवं प्रखर शिक्षाविद् डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस के अवसर पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि



अर्पित कर राष्ट्र की एकता, अखंडता एवं विकास के लिए उनके योगदान को स्मरण किया। इस अवसर पर मंडल उपाध्यक्ष डॉ. लक्ष्मीकांत साहू ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जीवन राष्ट्रसेवा, त्याग एवं समर्पण का प्रतीक है। उनके विचार आज भी देशवासियों को प्रेरित करते हैं। कार्यक्रम में संयोजक पुष्कर चंद्राकर, बूथ अध्यक्ष दिलेश्वर सोनेश्वरी, पुरुषोत्तम साहू, रोशन साहू, खुमराम ठाकुर, नेतराम साहू, मानक ठाकुर, निहाल साहू, छत्रपाल साहू, सुरेश साहू, तामेश्वर ठाकुर, कमलेश ठाकुर, अर्जुन साहू, शिवचरण साहू सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### मानव सेवा और आध्यात्मिक जागरण के संदेश पर दिया गया जोर

# ब्रह्माकुमारीज में मनाया मातेश्वरी जगदम्बा सरस्वती का 61वां पुण्य स्मृति दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय आत्मज्ञान भवन अमापारा बालोद में 24 जून को संस्था की मुख्य प्रशासिका मातेश्वरी जगदम्बा सरस्वती की 61 वीं पुण्य स्मृति दिवस को आध्यात्मिक ज्ञान दिवस के रूप में मनाया गया।

■ जीवन पर आधारित डॉक्यूमेंट्री का हुआ प्रदर्शन

इस अवसर पर ब्रह्माकुमारीज संचालिका बीके. विजयलक्ष्मी दीदी, आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ. गुरूदयाल साहू, नगरपालिका उपाध्यक्ष कमलेश सोनी, डॉ. प्रीति अग्रवाल व डॉ. पल्लवी दुबे उपस्थित थे। इस अवसर पर सभी ब्रह्मावत्सो ने माल्यार्पण अर्पित कर श्रध्दा सुमन अर्पित किये और सभी को मम्मा की डॉक्यूमेंन्टरी फिल्म दिखाई गई। ब्रह्माकुमारी



विजयलक्ष्मी दीदी ने मातेश्वरी के जीवन से संबंधित संस्मरण सुनाते हुए कहा कि ब्रह्माकुमारी संस्था की प्रथम मुख्य प्रशासिका मातेश्वरी जगदम्बा का जन्म 1919 में अमृतसर में एक सामान्य परिवार में हुआ था। उनके बचपन का नाम ओम राधे था।



जब मातेश्वरी ओम की ध्वनि का उच्चारण करती थीं, तो पूरे वातावरण में गहन शान्ति छा जाती थी। इसलिए वे ओम राधे के नाम से लोकप्रिय हुई। मातेश्वरी ने 24 जून, 1965 को अपने नश्वर देह का त्याग करके सम्पूर्णता को प्राप्त किया था। इस दिवस को ब्रह्माकुमारी संस्थान में देश–विदेश के भाई–बहनें 'आध्यात्मिक ज्ञान दिवस' के रूप में मना रहे है। मातेश्वरी जगदम्बा जी का व्यक्तित्व समस्त नारी जगत के लिए गौरव और प्रेरणा का स्त्रेत है।

मातेश्वरी जी ने आध्यात्मिक शक्ति के द्वारा मानवता की सेवा के पथ को उस समय चुना, जब नारियों को घर से बाहर निकलने की अनुमति नहीं होती थी। भारतीय संस्कृति के उत्थान के लिए मातेश्वरी जी का यह त्याग, समर्पण और सेवा समस्त भारत तथा विश्व के लिए अत्यंत गौरव का विषय है। मातेश्वरी ने अपने त्याग, तपस्या और सेवा से समस्त मानव समुदाय को जीवनमुक्ति की राह दिखाई तथा नारियों को अध्यात्म के पथ पर चलते हुए समाज की सेवा करने के लिए प्रेरणा प्रदान किया। मनमोहिनी दीदी जी, दादी प्रकाशमणि जी, दादी जानकी जी, दादी हृदय मोहिनी जी इत्यादि बहनों ने मातेश्वरी जगदम्बा जी के सान्निध्य में ही रहकर मानवता की सेवा का पाठ सीखा। इन महान आत्माओं ने भारतीय संस्कृति, सभ्यता एवं मानवीय मूल्यों के आध्यात्मिक शिक्षा को विश्व के 140 देशों में पहुंचाया। मातेश्वरी जगदम्बा जी आधुनिक युग की चौतन्य देवी थी। उन्हें ईश्वरीय ज्ञान, गुण और शक्तियों को धारण करके लोंगो को अनुभव कराने का दिव्य वरदान प्राप्त था। उनके दिखाये गये मार्ग पर चलते हुए ब्रह्माकुमारी संस्था विश्व सेवा का जो महान कार्य कर रही है, यह मातेश्वरी जी के प्रति सच्ची श्रध्दांजलि है।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज